दिनांक–23.10.2024 समय–7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- विन्ध्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए रीवा में प्रदेश की पांचवीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आज।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ करेंगे द्विपक्षीय वार्ता।
- जबलपुर में खमरिया ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में विस्फोट से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता देने के निर्देश।
- खेलों में आज, भारत का हाकी में आस्ट्रेलिया से और क्रिकेट में ओमान से होगा मुकाबला।

रीवा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

रीवा में आज प्रदेश की पांचवीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव होने जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य विंध्य क्षेत्र को निवेश और औद्योगिक अवसरों के केंद्र के रूप में स्थापित करना है। रीवा स्थित कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में होने वाली कॉन्क्लेव में 4 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिसमें 50 से अधिक प्रमुख निवेशक और 3 हजार से अधिक एमएसएमई उद्यमी शामिल होंगे। सम्मेलन का मुख्य फोकस राज्य के प्रमुख क्षेत्रोंकृ ऊर्जा, खनन, कृषि, डेयरी, खाद्य प्र–संस्करण, पर्यटन एवं हस्तशिल्प में निवेश को प्रोत्साहित करने पर होगा।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राज्य में निवेशकों और उद्यमियों के बीच एक सार्थक संवाद स्थापित करना है, जिससे विन्ध्य में औद्योगिक विकास के नए द्वार खुलेंगे।

बाइटः राजेन्द्र शुक्ल,उप मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री 20 से अधिक निवेशक वन–टू–वन बैठक करेंगे। साथ ही, रीवा आईटी पार्क और चुरहटा औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र सहित 20 से अधिक औद्योगिक प्रतिष्ठानों का वर्चुअल भूमिपूजन किया जाएगा। इसके अलावा, 80 से अधिक निवेशकों को भूमि आवंटन पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

रीजनल कॉन्क्लेव व्यंजन

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव बघेली और श्री अन्न से बने व्यंजनों से महकेगी। कॉन्क्लेव में शामिल होने वाले अतिथियों को विन्ध्य के प्रमुख व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर मिलेगा। अतिथियों को इदरहर की कढ़ी, रिकमच की कढ़ी, रसाज, बरा–मुगौरा, दालपूरी और गुराम जैसे व्यंजन परोसे जाएंगे। इनके साथ–साथ उड़द और मूंग की दाल से बने कई व्यंजन, महुए से बने लड्डू और लाटा भी चखने को मिलेंगे। मिठाईयों में मालपुआ, खुरचन, लौंगलता जैसे परंपरागत मिठाईयों को परोसा जाएगा। अतिथियों को कोदौ, मक्का, ज्वार और बाजरा जैसे श्री अन्न से बने व्यंजनों के स्वाद लेने का भी अवसर मिलेगा।

प्रधानमंत्री–एफएस ब्रीफिंग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रूस के कज़ान में ब्रिक्स सम्मेलन के अवसर पर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों देशों के बीच नियंत्रण रेखा पर गश्त की व्यवस्था के बारे में हाल में हुए समझौते को देखते हुए इस बैठक का महत्व बढ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति के बीच पिछले पांच वर्षों में यह पहली सुनियोजित बैठक होगी। श्री मोदी ब्रिक्स सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री रूस और ईरान के राष्ट्रपतियों के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

प्रदेश परिसीमन

प्रदेश में परिसीमन का काम अगले माह से जोर पकड़ने की सम्भावना है। परिसीमन आयोग नवंबर माह से विभिन्न संभागों में अपने दौरे प्रारंभ करेगा। गौरतलब है कि इस साल मार्च में प्रदेश की प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन का प्रस्ताव किया था। इस क्रम में प्रदेश के संभाग, उप संभाग, जिले, तहसील, विकासखंडों के पुनर्गठन की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। आमजन और जन–प्रतिनिधि अपने सुझाव, आवेदन और अभ्यावेदन के रूप में पुनर्गठन आयोग को प्रस्तुत कर सकेंगे। आवेदनों पर विचार के बाद अनुशंसाएं पुनर्गठन आयोग द्वारा राज्य शासन को प्रस्तुत की जाएंगी। नगरीय क्षेत्र की सीमाओं के प्रस्ताव भी आयोग को दिए जा सकेंगे।

सिंधिया–फर्जी कॉल

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल रोकथाम प्रणाली का कल शुभारंभ किया। संचार और दूरसंचार सेवा विभाग ने संयुक्त रूप से इस प्रणाली को तैयार किया है, जिसका उद्देश्य विदेशों से आने वाली फर्जी कॉल्स की पहचान और ब्लॉक करना है। इस प्रणाली की शुरूआत के 24 घंटे के भीतर लगभग एक करोड 35 लाख विदेशी फर्जी नम्बरों को पहचान कर उन्हें ब्लॉक कर दिया गया। इन फर्जी कॉल्स का इस्तेमाल अक्सर वित्तीय घोटाले, धोखाधडी और दहशत फैलाने के लिए किया जाता है।

दुष्कर्म पीड़ित सहायता

मध्यप्रदेश सरकार ने दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग बच्ची को सरकार की और से विभिन्न सुविधाएं देने का निर्णय लिया है। योजना का उद्देश्य लैंगिक अपराध से पीड़ितों को **POCSO Act** के अंतर्गत संरक्षण और केंद्र सरकार के निर्भया फण्ड से वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

जबलपुर विस्फोट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में सेना की खमरिया ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में विस्फोट की घटना पर दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को प्रावधानों के अनुसार आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने घायलों के समुचित उपचार और घटना के कारणों की जांच के सम्बन्ध में जिला कलेक्टर और फैक्ट्री के जनरल मैनेजर से फोन पर चर्चा की। जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे विस्फोट में घायलों का हाल जानने के लिए महाकौशल हॉस्पिटल पहुंचे। श्री दुबे ने घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की एवं उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि विस्फोट में दो कर्मचारियों की मृत्यु हो गई एवं 10 अन्य घायल हुए हैं।

अब ख़बरें खेल की..

सुल्तान जोहोर कप में आज मलेशिया में जूनियर भारतीय हॉकी टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजकर 45 मिनट पर शुरू होगा।

उधर, एसीसी पुरूष टी–ट्वेंटी इमर्जिंग टीम एशिया कप में आज अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड में भारत–ए का सामना घरेलू टीम ओमान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा। कप्तान तिलक वर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहले ही अपना स्थान सुरक्षित कर चुकी है।

वहीँ, भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैच कल पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय प्रबंध संस्थान–आईआईएम इंदौर भारतीय सेना के अधिकारियों के लिए ''रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन'' पर विशेष प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके लिए आईआईएम और सेना प्रशिक्षण कमान शिमला ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- मन्दसौर में आज जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतामऊ में किया गया है ।
- सी एम हेल्प लाइन में विदिशा जिला दर्ज शिकायतों के निराकरण के मामलों में प्रदेश में अव्वल स्थान पर आ गया है।
- श्योपुर जिले में शासकीय महाविद्यालय कराहल में मतदाताओ को नैतिक मतदान के लिये प्रेरित करने के लिए मानव श्रखला बनाकर संदेश दिया गया।
- सिंगरौली स्थित नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित स्टार रेटिंग अवार्ड में 9 परियोजनाओं में 5 स्टार रेटिंग हासिल की है ।
- डिंडोरी में कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में अनुपस्थिति के कारणों को स्पष्ट करने और इन कारणों को दूर कर आंगनवाड़ी में उपस्थिति बढाने के निर्देश दिए।
- धार जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2024–25 में प्रदेश में सबसे अधिक 19 हजार 226 आवास का लक्ष्य निर्धारित है। जबकि 18 हजार 712 आवास की स्वीकृति एक माह की अवधि में जारी की जा चुकी है।

- खरगोन में दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने औचक निरीक्षण कर 9 प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये है।
- रायसेन के ग्राम मैनदुआ में संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज से किया गया है। इस के उद्‌घाटन सत्र में श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल शामिल होंगे।

....................................